वर्ष- 02 अंक- 308
छपरा
25 सितंबर गुरूवार 2025
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू
E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live



## आज मां कूष्मांडा का दिन

नवरात्र के चौथे दिन नवदुर्गा के चौथे स्वरूप के रूप में मां दुर्गा की पूजा माता कूष्मांडा के रूप में की जाती है. चौथे नवरात्र को चैत्र शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को माता कूष्मांडा का पूजन होता है. इस दिन भक्त भोग में मिठाई, फल और मालपुआ अर्पित करते हैं. मान्यता है कि मां कुष्मांडा की पूजा से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं. मां कूष्मांडा आठ भुजाओं वाली दिव्य शक्ति है. इसलिए इन्हें अष्ठभुजा देवी भी कहा जाता है ।

## मुंह में पत्थर ठूंसकर बच्चे को जंगल में फेंका



### रोने की आवाज नहीं आए, इसलिए फेवीक्विक लगाया

**भीलवाड़ा,एजेंसी।** भीलवाड़ा में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। 15 दिन के मासूम को जंगल में फेंक दिया।

रोने की आवाज न आए, इसलिए उसके मुंह में पत्थर ठूंसकर फेवीक्विक से चिपका दिया। मवेशी चराने वाले की नजर बच्चे पर पड़ी तो उसके होश उड़ गए।

पत्थर मुंह से निकालते ही मासूम रोने लगा। तुरंत लोगों ने मासूम को हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां इलाज किया जा रहा है। घटना मांडलगढ़ में मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे की है।

**जंगल में तड़पता मिला बच्चा :** हेड कॉन्स्टेबल विजय सिंह ने बताया कि बिजौलिया में सीता का कुंड मंदिर के सामने सड़क से सटे जंगल में बच्चा मिला है। मवेशी चरा रहा युवक पत्थरों के ढेर के पास पहुंचा तो बच्चा तड़प रहा था। उसके मुंह में पत्थर फंसा हुआ था। उसने अन्य लोगों को बुलाया। मुंह से पत्थर निकाला और बच्चे को बिजौलिया के सरकारी हॉस्पिटल में भर्ती कराया।

## रामलीला करते कलाकार की हार्ट अटैक से मौत



**चंबा,एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के चंबा में रामलीला का मंचन करते समय एक कलाकार की हार्ट अटैक से मौत हो गई। कलाकार मंच पर बनाए सिंहासन पर ही लुढ़क गया। यह घटना लाइव वीडियो में रिकॉर्ड हुई।

जिस समय यह घटना हुई, उस समय रामलीला में सीता स्वयंवर का मंचन हो रहा था। हार्ट अटैक से करीब 1 मिनट पहले ही मंच पर दशरथ और विश्वामित्र में संवाद हो रहा था। इसमें विश्वामित्र पूछते हैं- राजा दशरथ मेरे लिए क्या करते सकते हैं

इस पर दशरथ ने हंसते हुए कहा, आपके लिए प्राण भी न्योछावर कर दूंगा। इसके कुछ ही क्षण बाद दशरथ का किरदार निभा रहे कलाकार अचेत हो गए। मृतक की पहचान अमरेश महाजन (73) उर्फ शिबू भाई के रूप में हुई है। वह करीब 40 सालों से प्रभु श्रीराम के पिता दशरथ का रोल कर रहे थे।



# लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग

● शांतिपूर्ण प्रदर्शन हुआ हिंसक, पथराव-आगजनी के बाद लाठीचार्ज ● भाजपा ऑफिस फूंका ● सोनम वांगचुक 15 दिन से भूख हड़ताल पर





**लेह ,एजेंसी।** छठी अनुसूची के तहत विशेष दर्जा और लद्दाख को राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर हो रहे बंद और बड़े प्रदर्शन के दौरान लेह में हालात तनावपूर्ण हो गए। प्रदर्शन के दौरान कुछ युवाओं के उग्र हो जाने के बाद पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने और लाठीचार्ज करना पड़ा। प्रदर्शन केंद्र सरकार के साथ प्रस्तावित वार्ता को जल्द कराने की मांग को लेकर किया जा रहा था। लेह एपेक्स बॉडी और करगिल डेमोक्रेटिक अलायंस के प्रतिनिधियों और केंद्र सरकार के बीच अगली वार्ता 6 अक्तूबर को प्रस्तावित है। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि यह वार्ता जल्द कराई जाए और ठोस फैसले लिए जाएं। इस बंद और प्रदर्शन का आह्वान लेह एपेक्स बॉडी की युवा शाखा ने तब किया जब 35 दिन से भूख हड़ताल पर बैठे 15 में से दो लोगों की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। भूख हड़ताल का नेतृत्व पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक कर रहे हैं, जो लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं।प्रदर्शन के दौरान बीजेपी कार्यालय के बाहर एक सुरक्षा वाहन को आग के हवाले कर दिया गया। हालात को देखते हुए अतिरिक्त सुरक्षाबलों को तैनात किया गया है ताकि क्षेत्र में शांति और कानून-व्यवस्था बहाल की जा सके।

### कैसे हिंसा भड़की...

- **एक दिन पहले सोशल मीडिया पर प्लॉनिंग :** सोनम वांगचुक लद्धाख को पूर्ण राज्य का दर्जा और छठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर लगातार 15 दिन से भूख हड़ताल पर थे। लेकिन अब तक सरकार ने उनकी मांग आंदोलन को लेकर कोई प्रतिक्रिया या बातचीत नहीं की थी। इसलिए मंगलवार को सोनम के समर्थकों ने योजना बनाई की लेह में हिल काउंसिल के ऑफिस के सामने जाकर प्रदर्शन करेंगे। रात में ही सोशल मीडिया चैनल्स के जरिए प्रोटेस्ट कॉल दिया गया।
- **हजारों की तादाद में भीड़ आई :** बुधवार सुबह से ही लेह की सड़कों पर भीड़ जमा हो गई थी। योजना के मुताबिक आंदोलनकारियों को हिल काउंसिल के दफ्तर जाना था। लद्दाख के यूटी बनने के बाद से हिल काउंसिल का दफ्तर सबसे प्रमुख प्रशासनिक केंद्र है। हजारों की तादाद में भीड़ लेह के हिल काउंसिल दफ्तर के बाहर जमा हुई। लेकिन हिल काउंसिल दफ्तर से पहले ही लद्दाख पुलिस और केंद्रीय सुरक्षाबलों ने बैरिकेडिंग की हुई थी। शुरू में प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच बहजबाजी हुई और फिर झड़प शुरू हो गई।
- **पुलिस और प्रदर्शनकारियों की झड़प :** पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हुई। पुलिस की तरफ से भीड़ को तितर बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे गए। लेकिन उग्र भीड़ ने पहले पुलिस की गाड़ी को आग के हवाले कर दिया और तोड़-फोड़ शुरू कर दी। भीड़ का एक हिस्सा इसके बाद पास में ही स्थित बीजेपी कार्यालय में दाखिल हुआ और वहां आगजनी शुरू हो गई और पूरे दफ्तर में आगजनी और तोड़फोड़ कर दी।

## स्वदेशी वस्तुएं खरीदें तो भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने से कोई रोक नहीं सकता: अमित शाह

**गांधीनगर,एजेंसी।** केंद्रीय गृह एवं सहकारितामंत्री अमित शाह ने देशवासियों का आह्वान किया है कि वे घर पर एक भी विदेशी वस्तु खरीद कर न ले जाएं। उन्होंने कहा कि अगर देशवासी सिर्फ स्वदेशी वस्तुएं खरीदनी शुरू कर दें तो भारत को दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने से कोई रोक नहीं सकता। शाह ने खुशी जताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी में खाद्य वस्तुओं पर कर हटा दिया है और किसानों की सभी वस्तुओं पर कर आधा कर दिया है। वह मंगलवार रात गुजरात के गांधी नगर जिले में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।




इससे पहले शाह ने गांधीनगर जिले के कलोल स्थित भारतमाता टाउनहॉल में 144 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने मौजूद जनसमूह से कहा, एक सांसद के रूप में कलोल को उतना समय नहीं दे पाता। लेकिन मैं यह निश्चित रूप से कह सकता हूं कि मेरे 10 साल पूरे होते ही आप सबको हिसाब-किताब करने का पूरा हक है। इन 10 वर्षों में यदि देशभर के सभी संसदीय क्षेत्रों में सबसे अधिक विकास कार्य कहीं हुए होंगे, तो हमारे गांधीनगर में हुए होंगे। इसकी जिम्मेदारी मेरी और मेरे साथियों की है। दीपावली हर्षोल्लास से मनाने का आह्वान करते हुए उन्होंने फिर एक बार स्वदेशी अपनाकर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में सहयोगी बनने की अपील की। कार्यक्रम में गांधी नगर जिला भाजपा अध्यक्ष अनिलभाई पटेल, गांधीनगर दक्षिण के विधायक अल्पेशभाई ठाकोर, अमूल के चेयरमैन अशोकभाई चौधरी, गांधीनगर कलेक्टर मेहुल के. दवे आदि मौजूद रहे।कलोल नगरपालिका की बदलेगी सूरतशाह ने कलोल नगरपालिका क्षेत्र के लिए लगभग 53 करोड़ रुपये की लागत वाली पांच योजनाओं का उद्घाटन किया। इनमें 35 करोड़ रुपये की लागत से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, 11 करोड़ रुपये की लागत से ज्योतेश्वर तालाब का निर्माण, और एक रैन बसेरा शामिल है। इसके अलावा, सफाई उपकरण और विभिन्न बोरवेल के काम पूरे हो चुके हैं और आज उनका लोकार्पण हुआ है। साथ ही, स्वर्णिम जयंती मुख्यमंत्री विकास योजना और एयूडीए अनुदान के अंतर्गत 91 करोड़ रुपये की लागत से कई अन्य कार्य शुरू किए गए। अमित शाह ने कहा कि वर्ष 2029 तक कलोल को ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के समन्वय के साथ एक आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाने की योजना तैयार की गई है।

# महाराष्ट्र के 5 जिलों में बाढ़, 8 लोगों की मौत:बंगाल में 10 की जान गई

### कोलकाता में 39 साल बाद रिकॉर्ड बारिश



**मुंबई/ हैदराबाद/ कोलकाता ,एजेंसी।** महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में पिछले चार दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण अब तक 8 लोगों की मौत हो गई है। इनमें लातूर में तीन, बीड में दो और छत्रपति संभाजीनगर, नांदेड़ और धाराशिव में एक-एक लोगों की मौत बिजली गिरने, डूबने और अन्य कारणों से हुई है। एक अधिकारी ने बताया कि मराठवाड़ा के आठ जिलों में 766 घरों को बाढ़ से नुकसान पहुंचा है। 33,010 हेक्टेयर से ज्यादा जमीन पर लगी फसलें खराब हो गईं। बीड और धाराशिव में पांच बांध, कई सड़कें, पुल और स्कूलों को भी नुकसान पहुंचा है। इधर, पश्चिम बंगाल के कोलकाता और आसपास के जिलों में बारिश से मरने वालों का आंकड़ा 10 पहुंच गया है। इनमें 8 मौतें सिर्फ कोलकाता में हुईं। 10 में से 9 लोगों की मौत करंट लगने से हुई। कोलकाता के कई इलाके लगातार दूसरे दिन जलमग्न हैं।

कोलकाता में सोमवार देर रात से मंगलवार सुबह तक 251.4 मिमी बारिश हुई थी। कोलकाता में 39 साल बाद एक दिन में इतनी ज्यादा बारिश हुई थी। इससे पहले 26 सितंबर 1986 को एक दिन में 259.5 मिमी बारिश दर्ज की गई थी।

भारी बारिश के चलते पूरा कोलकाता के ज्यादातर इलाकों में 2 से 3 फीट तक पानी भर गया। 30 से ज्यादा फ्लाइट्स और कई ट्रेनें कैंसिल की गईं। स्कूल-कॉलेजों में 25 सितंबर तक छुट्टी की गई है। मूसलाधार बारिश से कई दुर्गा पूजा पंडालों और मूर्तियों को भी नुकसान पहुंचा है।

### पंजाब में खाली राज्यसभा सीट पर चुनाव की घोषणा

## नामांकन 6 अक्टूबर से, 24 अक्टूबर को वोटिंग; केजरीवाल कर चुके इनकार

**नई दिल्ली,एजेंसी।** पंजाब में राज्यसभा की खाली हुई सीट के लिए उपचुनाव 24 अक्टूबर को होगा। निर्वाचन आयोग की तरफ से इस संबंधी नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है।

आम आदमी पार्टी के पूर्व राज्यसभा सांसद संजीव अरोड़ा के लुधियाना से विधायक चुने जाने के बाद यह सीट खाली हुई थी। उन्होंने विधायक चुने जाने के बाद राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। कयास लगाए जा रहे हैं कि इस सीट से अब आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल राज्यसभा जा सकते हैं। हालांकि, वह एक बयान में कह चुके हैं कि वह राज्यसभा नहीं जाएंगे।

पार्टी के प्रवक्ता नील गर्ग का



कहना है कि इस सीट पर जो भी जाएगा, वह पंजाब का प्रतिनिधित्व करेगा। उन्होंने कहा कि यह कोई भी हो सकता है- महिला, किसान या कारोबारी। इस बारे में फैसला पार्टी हाईकमान की तरफ से लिया जाएगा।

**गोगी की मौत से लुधियाना सीट पर उपचुनाव हुआ :** चुनाव आयोग के नोटिफिकेशन के मुताबिक,आप नेता संजीव अरोड़ा ने 1 जुलाई 2025 को राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दिया था। लुधियाना पश्चिम से विधायक गुरप्रीत सिंह गोगी की मौत के बाद इसी साल जून में इस सीट पर उपचुनाव हुआ था। इसके लिए पार्टी ने अपने राज्यसभा मेंबर संजीव अरोड़ा को अपना उम्मीदवार बनाया था। अरोड़ा ने 19 जून को उपचुनाव में 10637 मतों के अंतर से जीत हासिल की थी।

### पंजाब से 1 और जम्मू-कश्मीर से 4 राज्यसभा सीट के लिए 24 अक्टूबर को मतदान

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने पंजाब की 1 और जम्मू-कश्मीर की 4 राज्यसभा सीट के लिए क्रमश: उपचुनाव और चुनाव की घोषणा की है। पंजाब से राज्यसभा सदस्य संजीव अरोड़ा के 1 अगस्त को इस्तीफा देने के कारण सीट रिक्त हुई थी। इस सीट के लिए 6 अक्टूबर को अधिसूचना जारी की जाएगी। मतदान 24 अक्टूबर को होगा। उसी दिन नतीजे आयेंगे। दूसरी ओर जम्मू-कश्मीर में 4 राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव होगा। इनमें से दो सीटें 10 फरवरी 2021 और 2 सीटें 15 फरवरी 2021 को सदस्यों का कार्यकाल पूरा होने से रिक्त हुई थी। हालांकि जम्मू-कश्मीर में विधानसभा नहीं होने के कारण इन सीटों पर चुनाव नहीं हो पाया। अब राज्य में विधानसभा होने से इन सीटों पर मतदान के लिए निर्वाचक मंडल उपलब्ध है। राज्य की चार सीटों के लिए 6 अक्टूबर को अधिसूचना जारी की जाएगी। 24 अक्टूबर को मतदान होगा और उसी दिन नतीजे आयेंगे। हालांकि चार सीटें अलग-अलग कार्यकाल से जुड़ी हैं इसलिए मतदान एक, एक और दो सीटों के लिए अलग-अलग होगा। यानी निर्वाचक मंडल तीन बार मतदान कर एक-एक और दो सदस्यों को चुनेगा। उल्लेखनीय है कि पंजाब में आम आदमी पार्टी की बड़े बहुमत वाली सरकार है। वहीं, जम्मू-कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन की सरकार है।

## इंदौर एयरपोर्ट पर यात्री की पैंट में घुसा चूहा, काटा

### भोपाल के पैसेंजर को नहीं मिली मेडिकल फैसिलिटी, बेंगलुरु में लगवाया रेबीज का इंजेक्शन

**इंदौर ,एजेंसी।** इंदौर एयरपोर्ट पर एक यात्री की पेंट में चूहा घुस गया। उसने यात्री को काट भी लिया। खास बात ये है कि पैसेंजर को एयरपोर्ट पर कोई मेडिकल फैसिलिटी नहीं मिली। उसने बेंगलुरु पहुंचने के बाद इंजेक्शन लगवाया।

मामला मंगलवार का है। इंदौर एयरपोर्ट सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, भोपाल के रहने वाले अरुण मोदी इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट संख्या 6E 6739 से बेंगलुरु जा रहे थे। उनकी पत्नी साथ थीं। फ्लाइट दोपहर 3 बजकर 5 मिनट उड़ान भरती है।

मोदी दंपती दोपहर करीब 1 बजे एयरपोर्ट पहुंचे। फ्लाइट में समय बाकी होने के कारण वे एयरपोर्ट के ग्राउंड फ्लोर पर डिपार्चर हॉल में इंतजार कर रहे थे। अरुण रिकलाइनर्स पर आराम करने के लिए बैठे थे। इसी दौरान एक चूहा उनकी पैंट में घुस गया।

### पैंट उतारकर पकड़ा चूहा

अरुण हड़बड़ाकर उठे। उन्होंने बाहर से ही चूहे को पकड़ा। इस पर चूहे ने उन्हें घुटने के पीछे काट लिया। उन्होंने पैंट उतारी और चूहे को पकड़ा। घटना से गुस्साए मोदी दंपती चिल्लाने लगे। शोर सुनकर एयरपोर्ट स्टाफ वहां पहुंचा। अरुण को मेडिकल रूम में ले गया। अरुण मोदी भोपाल के रहने वाले हैं।

## शहीद की प्रतिमा खंडित, सदमे में पिता की मौत,सिरसा में बारिश में धंसा था स्मारक, फोटो देख रोते रहे रिटायर्ड फौजी




**सिरसा,एजेंसी।** सिरसा के हांडी खेड़ा गांव में एक रिटायर्ड फौजी पिता अपने शहीद बेटे का प्रतिमास्थल खंडित होने पर इस कद्र सदमे में आए कि खुद भी दम तोड़ दिया। 26 सितंबर को उनकी रस्म क्रिया है। उनके 32 साल के बेटे अमित कुमार सेना में लांस नायक थे। 8 जुलाई 2023 को यूपी के प्रयागराज में ड्यूटी के दौरान तबीयत बिगड़ने से उनका निधन हो गया था। 8 जुलाई 2026 को अमित कुमार का गांव में स्मारक स्थल बनाया गया, जहां प्रतिमा लगाई गई। पिछले दिनों बारिश में स्मारक स्थल धंस गया और प्रतिमा खंडित हो गई। 12 सितंबर को यहां से प्रतिमा उतारी गई। उसके बाद से रिटायर्ड फौजी पिता रामजीलाल कसाना (67) लगातार बेटे को फोटो देखकर रोते रहे।

### दिल्ली में कॉलेज प्रमुख पर यौन शोषण का आरोप

## 17 छात्राएं बोलीं- अश्लील मैसेज भेजे, जबरन छूता था

### फैकल्टी कहती थी- उसकी बात मानो



**नई दिल्ली,एजेंसी।** दिल्ली के श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट के पूर्व चीफ स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती पर 17 स्टूडेंट्स से यौन शोषण के आरोपों का बुधवार को खुलासा हुआ।

छात्राएं इंस्टीट्यूट में EWS स्कॉलरशिप के तहत PGDM (पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट) कर रही हैं। चैतन्यानंद पर उनसे गंदी बातें करने, अश्लील मैसेज भेजने और जबरन छूने का आरोप है।

चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थ सारथी के खिलाफ 4 अगस्त को वसंत कुंज नॉर्थ पुलिस स्टेशन में FIR दर्ज की गई थी। तब वह इंस्टीट्यूट का प्रमुख था। उसे 9 अगस्त को पद से हटाकर निष्कासित किया गया था।

एफआईआर दर्ज होने के बाद से चैतन्यानंद फरार है। पुलिस को यूपी के आगरा में उसकी लोकेशन मिली है। दिल्ली पुलिस ने शारदा इंस्टीट्यूट के बेसमेंट से चैतन्यानंद की एक वॉल्वो कार जब्त की है।

उस पर यूनाइटेड नेशन (N) की नंबर प्लेट लगी थी। आमतौर पर ऐसे नंबर राजनयिकों को जारी किए जाते हैं। पुलिस ने बताया कि चैतन्यानंद को यह नंबर ह से जारी नहीं हुआ था। उसने खुद ही लिखवाया था।

दिल्ली स्थित शारदा इंस्टीट्यूट कर्नाटक के श्रृंगेरी स्थित दक्षिणाम्नॉय श्री शारदा पीठ की शाखा है। पीठ ने पूरे मामले पर बयान जारी कर कहा कि स्वामी चैतन्यानंद का आचरण और गतिविधियां अवैध और पीठ के हितों के खिलाफ हैं, इसलिए पीठ का उससे कोई संबंध नहीं है।

छात्राएं बोलीं- वार्डन ने उन्हें चैतन्यानंद से मिलवाया था दिल्ली पुलिस के मुताबिक, मठ और उसकी संपत्तियों के एडमिनिस्ट्रेटर पी.ए. मुरली ने चैतन्यानंद के खिलाफ 4 अगस्त को शिकायत की थी। पूछताछ के दौरान 32 छात्राओं के बयान दर्ज किए गएए

इनमें से 17 ने चैतन्यानंद पर यौन शोषण के आरोप लगाए। छात्राओं ने दावा किया कि इंस्टीट्यूट में काम करने वाले कुछ वार्डन ने उन्हें आरोपी से मिलवाया था।

पीड़ितों ने बताया कि महिला फैकल्टी और कर्मचारी उनपर आरोपी की बातें मानने का दबाव डालती थीं।

# बॉयफ्रेंड के बर्थडे वाले दिन पति की कराई हत्या

## प्रेमी ने 2 दोस्तों के साथ काटा था गला, प्रेमी-प्रेमिका के अफेयर में रूकावट था हसबैंड



**बेगूसराय,एजेंसी।** बेगूसराय में बॉयफ्रेंड के जन्मदिन के दिन पत्नी ने पति की हत्या करा दी। प्रेमी ने अपने 2 दोस्तों के साथ मिलकर 20 सितंबर को हत्या की वारदात को अंजाम दिया था। तीनों आरोपियों ने महिला को पति को उसके घर से उठाया था, फिर 3 किमी दूर ले जाकर गला काट दिया था। मर्डर के लिए प्रेमी प्रिंस (25) को आरोपी मृतक की पत्नी मौसम कुमारी (23) ने ही उकसाया था।

प्रिंस और मौसम कुमारी का अफेयर करीब डेढ़ साल से चल रहा था। पति मुरारी कुमार (30) को दोनों के अफेयर की जानकारी नहीं थी। प्रिंस और मौसम छिपकर मिला करते थे। मौसम चाहती थी कि वो जब भी प्रिंस से मिले टेंशन फ्री होकर मिले, पर मुरारी के रहते ये संभव नहीं हो पा रहा था। दोनों को डर रहता था कि मुरारी को अफेयर के बारे में पता चल गया तो क्या होगा।

यही सोचकर मौसम ने अपने पति को रास्ते से हटाने के बारे में सोचा। प्रेमी के साथ साजिश रची और वारदात को अंजाम दिया।

मामला 20 सितंबर का है। 22 सितंबर को पुलिस ने प्रेमी प्रिंस, पत्नी मौसम और एक अन्य को गिरफ्तार किया। मंगलवार शाम को पुलिस ने मामले की जानकारी विज्ञप्ति के माध्यम से दी है। घटना तेघड़ा थाना और फुलवरिया थाना क्षेत्र से जुड़ा है।

प्रिंस प्रेमिका के पति के साथ काम करता था, घर में होता था आना-जाना

पुलिस के अनुसार मृतक मुरारी रूक्र था। प्रिंस मुरारी के साथ ही काम करता था। इसलिए प्रिंस मुरारी के घर आता-जाता रहता था। इसी बीच प्रिंस और मौसम दोनों एक-दूसरे को पसंद कर लगे। जब भी प्रिंस मुरारी के घर जाता था तो दोनों एक-दूसरे को देखते रहते थे।

धीरे-धीरे दोनों एक-दूसरे से बात करने लगे। हंसी-मजाक भी शुरू हो गई। पति मुरारी को थोड़ा भी अंदाज नहीं था कि ये हंसी-मजाक अफेयर की शुरुआत है। वो दोनों की हरकतों को नजरअंदाज करता रहा। प्रिंस और मौसम भी यही चाहते थे कि मुरारी उन दोनों के बीच नहीं आए। दोनों की बातचीत फोन पर भी होने लगी। दूसरी तरफ प्रिंस किसी न किसी बहाने मुरारी के घर पहुंच जाता था, लेकिन मुरारी भी साथ होता था। इसलिए दोनों ज्यादा समय तक समय नहीं बिता पाते थे।

घर के बाहर परिवार वाले और मुरारी का डर रहता था। इसलिए बाहर भी मिलने में दिक्कत थी। इस सब चीजों से मौसम परेशान होने लगी थी। अंत में 20 सितंबर को उसने तय कर लिया कि वो मुरारी के साथ नहीं रह सकती। उसने हत्या की साजिश रच डाली।

### जन्मदिन की पार्टी के लिए घर से ले गया था प्रिंस

20 सितंबर को आरोपी पत्नी मौसम ने बॉयफ्रेंड प्रिंस से बात की। फोन पर ही दोनों ने मुरारी की हत्या की सारी प्लानिंग कर ली थी। जिसके बाद मर्डर के लिए प्रिंस ने अपने दोस्तों की मदद ली। प्रिंस का 20 सितंबर को जन्मदिन था। प्रिंस ने मुरारी को फोन किया कि मेरा बर्थडे है। चलो कहीं पार्टी किया जाएगा। मुरारी तैयार हो गया। प्रिंस अपने दोस्त आशिष के साथ मुरारी के घर पहुंचा। तीनों एक ही बाइक पर बैठे और तेघड़ा निकल गए। जहां मुरारी को ले जाया गया। वहां प्रिंस का एक और दोस्त पहले से मौजूद था।

प्रिंस ने अपने 2 दोस्तों के साथ पहले मुरारी को पीटा, फिर उसका गला काट दिया। हत्या के बाद लाश को झाड़ियों में फेंक दिया। वारदात के बाद तीनों वहां से फरार हो गए।

### आरोपी पत्नी ने की पुलिस को गुमराह करने की कोशिश

एक तरफ जब प्रिंस मुरारी की हत्या कर रहा था तो दूसरी 20 सितंबर की रात करीब 10 बजे मौसम ने फुलवरिया थाने में पति की गुमशुदगी की रिपोर्ट लिखाई, ताकि पुलिस को उसपर शक नहीं जाए। पुलिस ने मुरारी का फोटो अन्य थानों में भेज रखा था।

21 सितंबर की सुबह तेघड़ा थाना क्षेत्र में मॉर्निंग वॉक करने वालों ने मुरारी की लाश झाड़ी में देखी थी। जिसके बाद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। मुरारी की तस्वीर अन्य थानों में पहले ही मौजूद थी। जिस आधार पर पुलिस ने मुरारी की पहचान कर ली।

### लास्ट कॉल की जांच पर आरोपियों तक पहुंची पुलिस

पोस्टमॉर्टम के बाद लाश परिजन को सौंप दिया गया। डीएसपी कृष्ण कुमार के नेतृत्व में तेघड़ा थाना और फुलवरिया थाना की पुलिस ने अनुसंधान शुरू किया। टेक्निकल सर्विलांस और इनपुट के आधार पर पुलिस ने हत्याकांड की जांच शुरू कर दी।

मुरारी के लास्ट कॉल की जब जांच हुई तो पता चला कि आखिरी बात प्रिंस हुई। जिसके बाद गढ़हारा थाना क्षेत्र के गढ़हारा चौधरी टोला निवासी पंकज चौधरी के बेटा प्रिंस कुमार उर्फ छोटू, अनुज चौधरी का बेटा आशीष कुमार उर्फ कन्हैया को पकड़ा। दोनों से पूछताछ में मामले का खुलासा हो गया। एक दोस्त अभी फरार है।

### प्रिंस की पूछताछ के बाद मौसम भी पकड़ाई

प्रिंस और आशीष से कड़ी पूछताछ के बाद पता चला कि हत्याकांड में मुरारी की पत्नी मौसम भी शामिल है। जिसके बाद पुलिस ने उसे भी हिरासत में लिया। पहले उसने कुछ भी बताने से इनकार किया। पर जब पुलिस ने सख्ती दिखाई तो पुरी कहानी पुलिस के सामने रख दी।

प्रिंस की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल चाकू, घटना के समय बदमाशों के पहने गए कपड़े जिसपर खून के छींटे लगे थे बरौनी जंक्शन के वॉशिंग यार्ड से बरामद हुए, इसके अलावा बाइक भी बरामद हुई।

### ति के साथ मायके में रहती थी आरोपी मौसम

मृतक मुरारी कुमार फुलवरिया थाना क्षेत्र के मधुरापुर पुवारी टोला निवासी है। मुरारी की शादी जुलाई 2022 में मधुरापुर पुवारी टोला में मौसम से हुई थी। मौसम अपने घर की इकलौती बेटी है। इसलिए ससुर के कहने पर मुरारी ससुराल में ही रहने लगा।कभी-कभी मुरारी अपने घर जाया करता था। शादी के 3 साल में 2 साल का एक बेटा आर्यन भी हुआ।



# चार दुकानों को चोरों ने बनाया निशाना,शटर तोड़कर अंदर घुसे

## 1.25 लाख कैश और चांदी के सिक्के ले भागे

**पूर्णिया,एजेंसी।** पूर्णिया में बेखौफ चोरों ने शहर के चार दुकानों को निशाना बनाया है। ताला तोड़कर दुकान के अंदर घुसे। 1.25 लाख कैश और चांदी के सिक्के लेकर फरार हो गए। पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है। घटना शहर के कला भवन रोड की है।

चोरों ने जिस दुकानों को अपना निशाना बनाया है, इसमें मिठाई, कंप्यूटर और इलेक्ट्रॉनिक शॉप शामिल है। हैरत की बात है कि जिस इलाके में चोरी की ये घटना घटी, वहां साइबर, एससी-एसटी, महिला, यातायात और के. हाट थाने को मिलाकर कुल 4 पुलिस स्टेशन है। चंद कदम की दूरी पर पुलिस लाइन है।

**शटर का ताला तोड़कर दुकान के अंदर घुसे थे:** मिठाई दुकानदार ललित शर्मा ने बताया कि रोजाना की तरह आज सुबह दुकान पर पहुंचा तो देखा कि शटर का ताला टूटा हुआ था। लॉकर से 1.10 लाख गायब थे। चार दिन पहले बगल की एक दुकान में खरीददारी करने आई एक महिला के गले से उचक्कों ने सोने की चेन झपट ली थी।

## नौबतपुर पुलिस ने गोनवां गांव में की छापेमारी

**पटना,एजेंसी।** नौबतपुर पुलिस ने गोनवां गांव में छापेमारी कर हथियार तस्कर राकेश कुमार और जमीन कारोबारी कुंदन कुमार को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के ठिकाने से दो देसी कट्टा, तीन देसी पिस्टल, 34 गोलियां, 13 खोखा, दो मैग्जीन, एक चाकू, एक तलवार, दो मोबाइल बरामद किए गए। इस मामले में दोनों पर नौबतपुर थाने में आर्म्स एक्ट का केस दर्ज किया गया है। दोनों गोनवां गांव के ही रहने वाले हैं। कुंदन जमीन की खरीद-बिक्री करता है, जबकि राकेश इसमें उसकी मदद करता है। राकेश हथियार और गोली का तस्कर भी है। नौबतपुर थानेदार संजीत कुमार ने बताया कि राकेश नौबतपुर के पिपलावां गांव के रहने वाले अमन से हथियार और गोली खरीदकर बेचता है। अमन को पुलिस जेल भेज चुकी है।राकेश पहले बाहर रहकर काम करता था। कुछ माह पहले ही गांव आया। गांव के युवकों के रहन-सहन को देखकर उसे लगा कि कुछ अलग काम किया जाए जिससे पहचान हो जाए। गांव में दबदबा रहे।

## 15 लाख के बैंक फ्रॉड का खुलासा :बैंक कर्मी समेत 7 गिरफ्तार, पीड़ित को राशि मिली वापस




**अररिया,एजेंसी।** साइबर थाना पुलिस ने फारबिसगंज की एक्सिस बैंक शाखा में हुए 15 लाख 62 हजार रुपए के फ्रॉड मामले का पर्दाफाश किया है। इस मामले में पुलिस ने बैंक कर्मी सहित सात आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार ने मंगलवार शाम प्रेस वार्ता में जानकारी दी। भरगामा थाना क्षेत्र के खजुरी निवासी पवन कुमार ने 18 जून को साइबर थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि अज्ञात अपराधियों ने उनके पिता श्याम सुंदर यादव के एक्सिस बैंक खाते से जुड़े मोबाइल नंबर को बदलकर राशि निकाल ली। पुलिस उपाधीक्षक रजिया सुल्तान के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम में पुलिस अवर निरीक्षक सरोज कुमार, कुंदन कुमार, मनीषा कुमारी और डेटा एंट्री ऑपरेटर दीपक कुमार शामिल थे। तकनीकी विश्लेषण के आधार पर अमोद लहोटिया, प्रकाश कुमार मंडल, राजू रंजन, यश कुमार, योगेंद्र कुमार मेहता, रसिकलाल मेहता और बरुण किशोर ठाकुर को गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से पीड़ित के खाते में पूरी राशि वापस करा दी गई है। अन्य संदिग्ध बैंक कर्मियों और अपराधियों के खिलाफ जांच जारी है।

## बोरिंग रोड तक रहा जाम का असर :जाम में फंसी रही स्कूल बस और एंबुलेंस, पुलिस-प्रदर्शनकारी करते रहे गुत्थमगुत्थी

**पटना,एजेंसी।** केंद्र सरकार के खिलाफ यूथ कांग्रेस के प्रदर्शन की वजह से मंगलवार को गांधी मैदान से दीघा और राजापुर पुल से बोरिंग रोड



तक भीषण जाम लग गया। प्रदर्शनकारियों को राजापुर पुल पर रोक दिया गया। नतीजा, वाहनों की लंबी कतार लग गई। स्कूल की बसें और एंबुलेंस भी जाम की चपेट में आ गईं। ऑटो सवार मरीज और आम यात्री पैदल चलने पर मजबूर हो गए। राजापुर पुल के पास लगी बैरिकेडिंग पर कांग्रेसी चढ़ गए। कांग्रेसी सदाकत आश्रम से हाथ में पार्टी का झंडा-बैनर के साथ तिरंगा लेकर निकले थे। वहीं से जाम लगना शुरू हो गया था। सभी मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने जा रहे थे। इसी बीच राजापुर पुल के पास मौजूद पुलिस और अधिकारियों ने इन्हें रोक दिया। ये प्रदर्शनकारी बोरिंग कनाल रोड होते जाने पर अड़े थे। इस जाम का असर बोरिंग रोड से सटी सड़कों पर भी पड़ा। प्रदर्शन जब समाप्त हुआ तो वाहन सरकने लगे। करीब एक घंटा के बाद वाहनों ने रफ्तार पकड़ी। इधर, एसकेपुरी थानेदार प्रभात कुमार ने बताया कि कोई केस दर्ज नहीं किया गया।

## मोतिहारी में डीलर की हत्या की साजिश नाकाम :ग्रामीणों ने सुपारी किलरों को पकड़ा, 2 आरोपी मौके से भागा

मोतिहारी,एजेंसी। मोतिहारी के पकड़ीदयाल थाना क्षेत्र के नवादा गांव में राशन डीलर की हत्या की साजिश नाकाम हो गई। बीती रात करीब 11



बजे 4 संदिग्ध 2 बाइक पर डीलर प्रवीण कुमार सिंह के घर पहुंचे। उनकी संदिग्ध गतिविधियों से ग्रामीणों को शक हुआ। ग्रामीणों ने बाइक सवारों को रोककर पूछताछ की। इस दौरान एक बाइक पर सवार 2 लोग फरार हो गए। शेष 2 को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। तलाशी में उनके पास से गोली और डैगर बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें 40 हजार रुपए में डीलर की हत्या का सौदा किया था। पकड़ीदयाल थानाध्यक्ष अशोक साह ने बताया कि दोनों आरोपियों से पूछताछ जारी है। उनके पास से हथियार और गोली बरामद हुई है।

# गयाजी से चेन स्नेचिंग गिरोह का मास्टमाइंड गिरफ्तार

## औरंगाबाद में महिला के गले से छीना था चेन: अलग-अलग थाने में 8 केस दर्ज

**औरंगाबाद,एजेंसी।** जिले के नगर थाने की पुलिस ने चेन स्नेचिंग गिरोह के मास्टरमाइंड को गयाजी से गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान रिंकु पंडित उर्फ बकरचोरवा के तौर पर हुई है। गयाजी शहर के रामपुर थाना क्षेत्र के गोदावरी भैरो स्थान का रहने वाला है।

मास्टरमाइंड रिंकू पंडित के खिलाफ गयाजी के अलग-अलग थानों में आठ मामले दर्ज हैं। इसके अलावा औरंगाबाद और जहानाबाद में भी केस दर्ज है। गयाजी जिले के टॉप टेन अपराधियों की सूची में शामिल है। पूछताछ के दौरान उसने कई मामलों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।



थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि 25 अगस्त को अपराधियों ने विधायक आनंद शंकर सिंह के घर के पास एक महिला का चेन छीन लिया था। पीड़िता गणपत तेंदुआ गांव निवासी रिशु कुमारी ने थाने में आवेदन देकर एफआईआरदर्ज कराई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी अंबरीश राहुल के निर्देश पर एसआईटी टीम का गठन किया गया।

टीम ने सीसीटीवी फुटेज और वैज्ञानिक तरीके से अनुसंधान शुरू किया। साक्ष्य संकलन के लिए जगह-जगह पर लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया। इसके बाद पुलिस अपराधियों तक पहुंची। इस मामले में गयाजी से तीन चेन स्नेचर्स और लूट के जेवरात खरीदने वाले एक आभूषण कारोबारी को गिरफ्तार किया।

### पुलिस को चेकमा देकर भाग गया था

पकड़े गए लोगों में रामपुर थाना क्षेत्र के गोदावरी भैरो स्थान चांद चौरा निवासी अंकित कुमार उर्फ छोटू, करण कुमार उर्फ विक्की, गोल बीघा दुर्गा स्थान का रहने वाला रवि कुमार, विष्णुपद थाना क्षेत्र के घुघरी बाइपास निवासी नरेश प्रसाद शामिल है। अंकित, करण और रवि चेन स्नेचिंग का का काम करता है। जबकि नरेश प्रसाद लूट के आभूषण खरीदता था। पकड़े गए अपराधियों के पास से दो सोने का चैन, सोने का गला हुआ एक टुकड़ा व एक कार जब्त किया गया था।

उस समय मास्टरमाइंड रिंकु पंडित उर्फ बकरचोरवा पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चला रही थी। इस दौरान गुप्त सूचना के आधार पर स्थानीय पुलिस के सहयोग से छापेमारी कर उसे सिविल लाइन थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है।

# दिव्यांगों के लिए 25 को नियोजन सहायता कैंप




**मधेपुरा,एजेंसी।** मधेपुरा जिला नियोजनालय की ओर से 25 सितंबर को दिव्यांग बेरोजगारों के लिए नियोजन सहायता कैंप, सेमिनार एवं कार्यशाला का आयोजन संयुक्त श्रम भवन में किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेगा। इसका उद्देश्य दिव्यांगजनों को रोजगार उपलब्ध कराना एवं उन्हें सरकारी योजनाओं की जानकारी देना है।

इस कैंप में स्थानीय नियोजक वी-मार्ट रिटेल लिमिटेड, मधेपुरा के द्वारा सेल्समेन पद पर दो अभ्यर्थियों की बहाली की जाएगी। इसके लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता इंटर निर्धारित की गई है, जबकि आयु सीमा 18 से 25 साल है। चयनित अभ्यर्थियों को 8,900 रुपए मासिक वेतन प्रदान किया जाएगा। रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ स्वरोजगार एवं विभिन्न योजनाओं से संबंधित जानकारी भी दी जाएगी।

### स्वरोजगार और रोजगार को लेकर दिया जाएगा गाइडेंस

कार्यक्रम में प्रबंधक आरसेटी मधेपुरा और महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र मधेपुरा द्वारा स्वरोजगार और रोजगार के विभिन्न आयामों पर मार्गदर्शन दिया जाएगा। वहीं सहायक निदेशक (दिव्यांग सशक्तिकरण कोषांग), सहायक निदेशक (सामाजिक सुरक्षा कोषांग), श्रम अधीक्षक, प्रबंधक जिला निबंधन सह परामर्श केंद्र, प्रबंधक जीविका तथा जिला प्रबंधक बुनियाद केंद्र मधेपुरा द्वारा भी प्रतिभागियों को सरकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

### अधिक से अधिक लोगों तक जानकारी पहुंचाने की अपील

जिला नियोजन पदाधिकारी लरविन कुमार ने आम जनता से अपील की है कि वे इस कार्यक्रम की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं, ताकि योग्य दिव्यांग अभ्यर्थी नियोजन एवं सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें। उनका कहना है कि इस तरह के आयोजनों से दिव्यांगजनों को समान अवसर, अधिकारों की सुरक्षा एवं पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

# 200 फिट ऊंची जलमीनार से नीचे गिरा युवक

## लाइट लगाने के दौरान हादसा, पिता बोले :जवान बेटा चला गया, मेरी पूरी दुनिया उजड़ गई



**दरभंगा,एजेंसी।** दरभंगा के बहादुरपुर थाना क्षेत्र में श्रीराम जानकी मंदिर परिसर स्थित पानी टंकी पर लाइट लगाने के दौरान एक युवक नीचे गिर गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान गोविंदपुर निवासी अशोक कमती के पुत्र श्याम सुंदर(22) के तौर पर हुई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मंदिर परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर लाइटें लगाई जा रही थी। टेंट हाउस में काम करने वाला श्याम सुंदर करीब 200 फीट ऊंचे जल मीनार पर लाइट लगाने के लिए चढ़ा था। बैलेंस बिगड़ने से नीचे गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई।

### पूरा परिवार उजड़ गया

मृतक के पिता अशोक कमती ने रोते हुए बताया, मेरा बेटा टेंट हाउस में मजदूरी करता था। पूजा को लेकर वह पानी टंकी पर लाइट लगाने गया था। अचानक गिरने से उसकी मौत हो गई। अभी उसकी शादी भी नहीं हुई थी। जवान बेटा था, परिवार का सहारा था। उसकी मौत से हमारा पूरा परिवार उजड़ गया है।

### जांच में जुटी पुलिस

थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही बहादुरपुर पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। छानबीन की जा रही है। स्थानीय लोगों की ओर से मुआवजे की मांग की जा रही है।

# 4 एकड़ जमीन पर दो दावेदार

## एक पक्ष ने 2003 में खरीदी तो दूसरे ने 2007 में, दोनों के पास कागजात

कटिहार,एजेंसी। कटिहार के विनोदपुर पंचायत के धर्मेली मौजा में 4 एकड़ जमीन का विवाद सामने आया है। दो पक्षों के बीच इस जमीन को लेकर दावेदारी जारी है। दोनों पक्षों के पास अपने-अपने कागजात हैं। शेखटोला निवासी मोहम्मद सईद का कहना है कि यह खतियानी जमीन है।

उन्होंने इसे 2003 में करमचंद की बेटी सुशीला देवी से खरीदा था। यह मामला कई बार DCLR और ADM कोर्ट तक पहुंचा। कभी एक पक्ष की जीत हुई तो कभी दूसरे की। सीओ के जनता दरबार में फैसला उनके खिलाफ आने के बाद वे अब हाईकोर्ट जाने की तैयारी कर रहे हैं।



सुनवाई के बाद मिला 2 एकड़ जमीन

दूसरे पक्ष के मोहम्मद जमीर का दावा है कि उन्होंने यह जमीन 2007 में बुधिया यादव से खरीदी थी। उनका कहना है कि बीमारी और पारिवारिक व्यस्तता के कारण जमीन सुशीला देवी के नाम हो गई। DCLR और जनता दरबार में सुनवाई के बाद उन्हें 2 एकड़ जमीन का डिग्री मिल चुका है।

# वारदात को अंजाम देने से पहले अपराधी गिरफ्तार

**औरंगाबाद,एजेंसी।** औरंगाबाद में नवीनगर थाने की पुलिस ने आपराधिक वारदात को अंजाम देने से पहले एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान एक पिस्टल बरामद हुआ है। अपराधी की पहचान बिलासपुर गांव निवासी अंशु सिंह के तौर पर हुई है।



थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि पुलिस को खुफिया इनपुट मिली थी। एक अपराधी बिलासपुर गांव में पिस्तौल लहराते हुए घूम रहा है। किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। इनपुट के आधार पर एसटीएफ और पुलिस की टीम ने संयुक्त तौर पर छापा मारा।गांव में पुलिस को देखते हुए अपराधी भागने लगा।

# राष्ट्रीय मिनी बालक व बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने 24 सदस्यीय बिहार टीम हैदराबाद रवाना

**दैनिक खोज खबर/पटना।** तेलंगाना के निजाम कॉलेज हैदराबाद में 26 से 29 सितम्बर तक आयोजित राष्ट्रीय मिनी बालक / बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने वाली 24 सदस्यीय बिहार टीम दानापुर से हैदराबाद के लिए बुधवार को रवाना हुई। हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली बिहार टीम को बिहार हैंडबॉल संघ के महासचिव ब्रजकिशोर शर्मा ने रवाना किया । बिहार के चयनित बालिका टीम का एक पखवाड़े का प्रशिक्षण शिविर सारण जिला के बहरौली



मशरक में जबकि बालक टीम का प्रशिक्षण शिविर बीडी पब्लिक स्कूल पानापुर वैशाली में लगाया गया था। मौके पर बिहार टीम के बेहतर प्रदर्शन के लिए बिहार हैंडबॉल संघ के चेयरमैन विधानपार्षद इंजीनियर सच्चिदानंद राय , अध्यक्ष पंकज कुमार , कोषाध्यक्ष त्रिपुरारी प्रसाद , उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह , संयुक्त सचिव आलोक कुमार, बहरौली मुखिया अजीत सिंह, अजिताभ कुमार निदेशक बीडी पब्लिक स्कूल, राजेंद्र कुमार, कृष्णमोहन सिंह ,राष्ट्रीय खिलाड़ी चंदन कुमार, रितेश कुमार सिंह, संजीव कुमार, अभिषेक कुमार सिंह, राधा कुमारी, विकास कुमार सहित अन्य ने शुभकामना दी। बालक टीम के मैनेजर मो इमरान, प्रशिक्षक इंद्रजीत कुमार पटना, जबकि बालिका टीम की मैनेजर दीपशिखा कुमारी, प्रशिक्षक आकाश कुमार सारण है। बालक टीम में जहानाबाद से आदित्य राज, शिवम, पटना से सोनू, प्रिंस कुमार, सारण से आदर्श कुमार, नैतिक कुमार, नालंदा से लवकुश कुमार, पियूष कुमार , नवादा से कुमार नैतिक राज, वैशाली से नैतिक आर्यन जबकि बालिका टीम में सारण से खुशी कुमारी, गुड्डी कुमारी, नवादा से आकांक्षा कुमारी, पटना स्नेहा कुमारी, माहिका कुमारी, रागिनी कुमारी, पूर्वी चंपारण से इब्रा खातून, मुंगेर से आकृति कुमारी, प्रिंसी कुमारी, लखीसराय से गार्गी कनौजिया शामिल है।

## चोरों का आतंक - मंगलवार की रात दो घरों को निशाना बना लाखो का सामान ले भागे चोर

**दैनिक खोज खबर/पानापुर(सारण)।** थाना क्षेत्र में चोरी की लगातार बढ़ती घटनाओं से लोगो मे दहशत का माहौल है .सोमवार की रात चोरों ने मुड़वा गांव निवासी लक्षण पंडित के घर का दरवाजा तोड़ हजारों रुपये मूल्य के कीमती सामान की चोरी कर ली थी वही मंगलवार की रात पीपरा सिंगाही एवं सेमराहां गांव में दो घरों को निशाना बनाते हुए लाखों के सामान की चोरी कर ली .चोरी की पहली घटना पीपरा सिंगाही गांव की बतायी जाती है जहां चोर छत के सहारे रामजी सिंह के घर मे घुस गये एवं बक्से ,अलमारी तोड़कर गहने एवं कीमती सामान की चोरी कर ली .बताया जाता है कि घर के सदस्य बगल में अन्य निर्माणाधीन मकान में सोए थे . वही चोरों ने रामजी सिंह के घर से पांच सौ मीटर दूरी पर स्थित सेमराहां गांव निवासी शंभु सिंह के घर के बंद कमरे की खिड़की तोड़ हजारों रुपये के मूल्य के कीमती सामान की चोरी कर ली .बताया जाता है कि शंभु सिंह सपरिवार बाहर रहते है एवं घर मे रह रहे पट्टीदारों के कमरें का दरवाजा चोरों ने बाहर से बंद कर दिया था . घटना की जानकारी घरवालों को सुबह लगी जब वे शौच के लिए जगे .घर के टूटे ताले एवं बिखरे सामान देखकर उनके होश उड़ गए .घटना की सूचना मिलते स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुँची एवं मामले की छानबीन में जुटी है .

## शौच को गये बुजुर्ग की गंडक नदी में डूबने से मौत

**पानापुर(सारण)।** थाना क्षेत्र के वृत भगवानपुर गांव में शौच के लिए गये एक बुजुर्ग की गंडक नदी में डूब जाने से मौत हो गयी .मृत बुजुर्ग वृत भगवानपुर गांव निवासी 60 वर्षीय शिवनाथ सहनी बताया जाता है .परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक मंगलवार की शाम शौच के लिए नदी किनारे गये थे जहां गहरे पानी मे डूब गए. काफी देर हो जाने के बाद भी वे नही लौटे तो परिजनों ने देर रात तक उनकी खोजबीन की .बुधवार की सुबह उनका शव पृथ्वीपुर गांव के सामने रेत पर पड़ा था .सूचना मिलने के बाद स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुंची एवं शव को पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेजवाया.

## वारंटी को भेजा गया जेल

**दैनिक खोज खबर/नगरा(सारण)।** प्रखंड के खैरा थाना क्षेत्र के पटेढा गांव निवासी कि किशुन नट के पुत्र सुरेश नट को खैरा थाना के द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इस बाबत खैरा थानाध्यक्ष अखिलेश पासवान ने बताया कि उक्त वारंटी मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के डकैती कांड का अभियुक्त है। जो फरार चल रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर उसे बहूआरा के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## सड़क दुर्घटना में मृतक के परिजनों को मिला चार लाख रुपये का चेक

**दैनिक खोज खबर/नगरा(सारण)।** प्रखंड क्षेत्र के खैरा पंचायत अंतर्गत हरदी छपरा गांव निवासी 50 वर्षीय चंदेश्वर राम की हाल ही में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी.इस दुखद घटना के बाद बुधवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित नगरा अंचल कार्यालय में उनके परिजनों को सरकारी प्रावधान के तहत चार लाख रुपये का मुआवजा राशि का चेक प्रदान किया गया. नगरा अंचलाधिकारी अभिषेक कुमार एवं खैरा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अनिल सिंह ने संयुक्त रूप से मृतक के पुत्र योगेंद्र राम को यह चेक सौंपा.इस अवसर पर कई पंचायत प्रतिनिधि एवं प्रखंड कर्मी मौजूद रहे.वहीं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया कि जरूरत पड़ने पर समाज और प्रशासन दोनों मृतक परिवार के साथ खड़े रहेंगे.

## बच्चा-बच्चा करे पुकार, वोट डालना है अधिकार

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर आम जन को जागरूक करने के उद्देश्य से जिले के सभी प्रखंडों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिले के सभी उच्च एवं उच्चतर विद्यालयों में गठित निर्वाचन साक्षरता क्लब के द्वारा मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। मशरख प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय अरना, इसुआपुर के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आता नगर मकेर के प्लस टू उच्च विद्यालय केतुकानंदन, मांझी के बंगरा, इसुआपुर के खोभारी साह उच्च विद्यालय में छात्र-छात्राओं के बीच मतदाता शपथ का आयोजन किया गया। मांझी, सोनपुर, दिघवारा सहित अन्य प्रखंड के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों के सेविका एवं सहायिका द्वारा गांव में रैली निकाली गई। जिसमें मतदान के महत्व को बताते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में मतदान करने का आह्वान किया गया।

## भेल्दी में दो ट्रकों की टक्कर में दो जख्मी

**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** छपरा-मुजफ्फरपुर एनएच 722 पर भेल्दी पेट्रोल पंप के समीप मंगलवार की रात दो ट्रकों में जोरदार टक्कर हो गई।इस घटना में दो लोग जख्मी हो गए।मिली जानकारी के अनुसार मुजफ्फरपुर की ओर से आ रही ट्रक व गड़खा की ओर से जा रही ट्रक में सीधी टक्कर हो गई।मंगलवार की आधी रात को हुई दो ट्रकों के बीच टक्कर के बाद लोग जोरदार आवाज को सुनकर मौके पर पहुंचे।पुलिस मौके पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई।

## किराना दुकान से नगदी समेत हजारों की संपत्ति की चोरी

**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** चोरों ने मंगलवार रात भेल्दी थाने के हकमा बाजार स्थित एक किराना दुकान को निशाना बनाया।चोर किराना दुकान के करकट को तोड़कर अंदर प्रवेश कर गए और दुकान के रखे 17 हजार रूपए नगद समेत हजारो के सामान चुरा ले गए।

भेल्दी थाने के हकमा गांव निवासी श्यामसुन्दर राय ने बताया कि वे अपने किराना दुकान को बंद कर मंगलवार की रात में घर चले गए इसी बीच चोरों ने रात्रि में दुकान के करकट को तोड़कर दुकान के अंदर रखे 17 हजार रूपए,काजू,किसमिस,तेल बैंक के कागजात समेत अन्य सामान चुराकर फरार हो गए।बुधवार की सुबह जब दुकान पर पहुंचा तो देखा कि सामान बिखरे पडें है और रूपए और कीमती सामान गायब है।घटना की सूचना मिलते ही भेल्दी पुलिस ने मौके पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई।समाचार प्रेषण तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की जा सकी है।

## रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स एकेडमी में लगा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण शिविर



**दैनिक खोज खबर/मैरवा(सारण)।** आर एल बी एस ए फाउंडेशन द्वारा संचालित रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स अकैडमी में लक्ष्मी नर्सिंग होम सिवान द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 200 से अधिक खिलाड़ियों एवं ग्रामीणों का निःशुल्क खून जांच, कैल्शियम जांच, रक्तचाप, ब्लड शुगर, ऑक्सीजन लेवल, इत्यादि का जांच किया गया। इस मौके पर लक्ष्मी नर्सिंग होम के संचालक एवं निदेशक डॉ राजन कल्याण सिंह उपस्थित थे ।जांच में कमी जाए पाए जाने पर संबंधित कमियों को दूर करने के लिए निःशुल्क दवा भी उपलब्ध कराई गई। रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स अकादमी के संस्थापक निदेशक संजय पाठक ने बताया कि खिलाड़ियों तथा ग्रामीणों के लिए इस तरह का स्वास्थ्य परीक्षण समय-समय पर आयोजित किए जाते रहते हैं ताकि समय रहते भविष्य में होने वाली बिमारियों का पता चल सके एवं इलाज हो सके।इस तरह के परीक्षण शिविर आयोजित करने में आई एम ए सिवान और लक्ष्मी नर्सिंग होम की प्रमुख भूमिका रहती है इस अवसर पर लक्ष्मी नर्सिंग होम के कर्मी धर्मेंद्र कुमार सिंह,चंदन कुमार सिंह,मोहीत तिवारी,भारती कुमारी, विंदू कुमारी, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी खुशबू कुमारी, स्पोर्ट्स इंचार्ज सलमा खातून,साबरा खातून उपस्थित रहे।

## एसएसपी ने भेल्दी थाने का किया वार्षिक निरीक्षण

**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** सारण के वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष ने बुधवार को भेल्दी थाने का वार्षिक निरीक्षण किया गया। वार्षिक निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मढ़ौरा,अंचल पुलिस निरीक्षक मढ़ौरा अंचल एवं भेल्दी थानाध्यक्ष उपस्थित थे। निरीक्षण के क्रम में भेल्दी थाना में पदस्थापित थानाध्यक्ष सहित सभी पुलिस पदाधिकारियों,कर्मियों एवं चौकीदारों को सिटिजन सेन्ट्रिक पुलिसिंग नियंत्रण के संदर्भ में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान भेल्दी थाना के सभी अभिलेखों एवं पंजियों की जांच कर अभिलेखों व पंजियों के संधारण में मिली त्रुटियों के सुधार करने, लंबित कांडो का समीक्षा कर त्वरित निष्पादन करने, कार्यालय एवं थाना में साफ-सफाई रखने सहित कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही भेल्दी थाना महिला हेल्प



डेस्क में प्रतिनियुक्त महिला पुलिस पदाधिकारी,कर्मी को महिला परिवादी से शालीनता पूर्वक व्यवहार करने व उनके समस्याओं के निराकरण हेतु आवश्यक विधि सम्मत कार्रवाई करने हेतु निर्देश दिया गया। स्पीडी ट्रायल हेतु कांडो का चयन करने एवं दागी का नियमित जांच करने हेतु निर्देशित किया गया है। पांच साल से अधिक पुराने गंभीर कांडो का प्रभार थानाध्यक्ष द्वारा स्वयं लेकर निष्पादित करने का निर्देश दिया गया है। थाना के एक-एक कर्मी पर नजर रखना, आम जनता से अच्छा व्यवहार और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान जिला पुलिस की प्राथमिकताएं होंगी।

## गंडक नदी का जलस्तर बढ़ने से ग्रामीण चिंतित

**दैनिक खोज खबर/मकेर(सारण)।** छपरा और मुजफ्फरपुर जिला को जोड़ने वाली गंडक नदी का तेज रफ्तार ग्रामीणों के लिए अभिशाप बन गया है । मकेर प्रखंड के सीमावर्ती क्षेत्रों में गंडक नदी का तेज धारा गांव की ओर पहुँच गयी है और ग्रामीण हतप्रभ रह गए हैं ।गंडक विभाग द्वारा रक्षात्मक कारवाई की जा रही हैं लेकिन यह व्यवस्था नकाफी हैं ।विभाग के वरीय अधिकारियों द्वारा निरंतर प्रयास कर रहे हैं फिर भी धारा पर काबू नही पाया जा सका है। लगुगिनिया ,हैजलपुर ,सहित तकरीबन सात सौ मीटर में कटाव जारी है । ग्रामीणों को अपनी घर बचाने की चिंता सता रही हैं ।स्थानीय मुखिया अनिल सिंह द्वारा इसकी जानकारी से अवगत कराया जाता रहा है ।इसी क्रम में आज एसडीओ विनोद कुमार, जेई सोनू कुमार, एस्कुटीभ रामबाबू जी उपस्थित होकर कार्यो को देखा ।इनके साथ ग्रामीण सन्नी कुमार, मनोज सिंह धर्मेंद्र तिवारी ,अजय राम एवम भाजपा मंडल अध्यक्ष सुमित कुमार सिंह थे । विदित हो कि इस कटाव रोधी अभियान में करोड़ों रुपए खर्च हो चुका है।

## कार्यकर्ता चुनाव के लिए कमर कस लें- अजय जमवाल

**दैनिक खोज खबर/ छपरा।** भारतीय जनता पार्टी जिला मुख्य कार्यालय पर जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला मोर्चा अध्यक्ष,महामंत्री, प्रकोष्ठ संयोजक व सह संयोजक की अहम बैठक आयोजित की गई। इस बैठक के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जमवाल थे। इस बैठक में अजय जमवाल जी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के मुख्य टहनियां मोर्चा और प्रकोष्ठ होती है। जिस पेड़ की टहनियां जितना मजबूत होगी वो पेड़ उतना ही मजबूत रहेगा। उन्होंने कहा कि सभी मोर्चा अध्यक्ष एवं प्रकोष्ठ के संयोजकों को आगामी चुनाव हेतु भारत सरकार और बिहार सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा की सभी मोर्चा एवं प्रकोष्ठ अपने-अपने क्षेत्र के लोगों के साथ छोटी से लेकर बड़ी बैठक कर सभी योजनाओं को बताए।राष्ट्रीय क्षेत्रीय प्रभारी अजय जमवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी चुनाव की तैयारी में कार्यकर्ता अभी से जुट जाए। बहुत जल्द ही दिए कार्यों की समीक्षा अगली बैठक में की जाएगी। आज के इस बैठक में मुख्य रूप से जिला प्रभारी अनूप श्रीवास्तव जिला महामंत्री विवेक कुमार सिंह, निरंजन शर्मा, धर्मेंद्र शाह, कार्यालय मंत्री और अर्द्धेन्दु शेखर, कमल किशोर सिंह, सोशल मीडिया संयोजक दीपक कुमार सिंह सहित सभी मोर्चा के जिला अध्यक्ष, महामंत्री एवं सभी प्रकोष्ठ जिला संयोजक एवं सह संयोजक शामिल हुए।




## निगरानी ने पंचायती राज विभाग के कनीय अभियंता को घूस लेते रंगेहाथ किया गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/पानापुर(सारण)।** विशेष निगरानी इकाई ने बुधवार को पंचायती राज विभाग के कनीय अभियंता राजा करीम को पचास हजार रुपये घूस लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया. निगरानी विभाग के डीएसपी राजकुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार कनीय अभियंता चकिया पंचायत में पंचायती राज विभाग द्वारा कराये गये कार्यो के बकाया 10 लाख रुपये के भुगतान के लिए शाम्भवी ट्रेडर्स के संवेदक से कमीशन की मांग कर रहा था .



कनीय अभियंता की कारगुजारी से नाराज संवेदक संतोष कुमार ने 18 सितंबर को इसकी शिकायत निगरानी विभाग में की थी .22 सितंबर को निगरानी ने इस मामले का सत्यापन कर अपना जाल बिछाया और बुधवार को पृथ्वीपुर गांव स्थित सामुदायिक भवन पर 50 हजार घूस लेते कनीय अभियंता को रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया . गिरफ्तार कनीय अभियंता बेगूसराय जिले का रहनेवाला है .गिरफ्तारी के बाद निगरानी की टीम उसे लेकर पानापुर थाने पहुँची .बाद में निगरानी की टीम ने तरैया के शाहनवाजपुर स्थित किराए के मकान में छापेमारी की .हालांकि छापेमारी में क्या क्या बरामद हुआ है इसके बारे में निगरानी की टीम अभी कुछ भी नही बता रही है . निगरानी विभाग द्वारा कनीय अभियंता की गिरफ्तारी की खबर से प्रखंड एवं अंचल कार्यालय में हड़कंप देखा गया.

# पंडाल लगाने वाली समितियों को अग्निशमन के पर्याप्त उपायों का करना अनिवार्य

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** दुर्गा पूजा पंडालों में अगलगी की घटना को रोकने के लिए जिला प्रशासन ने विशेष निर्देश जारी किए हैं। सभी पूजा पंडालों में अग्निशमन के पर्याप्त उपायों का होना अनिवार्य किया गया है। पूजा समितियों को फायर प्रूफ पंडाल बनाना होगा। पंडाल बनाने में सूती कपड़े व स्पार्कलेस लाइट का प्रयोग करना होगा।जिला अग्निशमन पदाधिकारी ने फायर आफिसर को आदेश दिया है कि पूजा समितियों के साथ बैठक कर गाइडलाइन का पालन कराएं। इसके बाद जिला अग्निशमन विभाग की टीम निर्माणाधीन पंडालों में जाकर फायर आडिट करेगी। वहां अग्नि सुरक्षा को लेकर जो भी कमियां सामने आएंगी, उसे संबंधित समिति को बताया जाएगा। इधर पूजा पंडाल समितियों द्वारा शहर से लेकर गांवों तक पंडाल बनाने का काम शुरू हो गया है। अधिकांश जगहों पर बांस-बल्ला और लगा दिया गया है।

### पंडाल निर्माण में इन मानकों का रखना होगा ध्यान

- पंडाल की ऊंचाई किसी भी हाल में तीन मीटर से कम नहीं होनी चाहिए
- सिंथेटिक कपड़ों व रस्सी का प्रयोग पंडाल निर्माण नहीं किया जाए
- कोई भी पंडाल रेलवे लाइन, बिजली सब स्टेशन, चिमनी से कम से कम 15 मीटर की दूर लगाया जाए।
- पंडाल बिजली की लाइन की नीचे किसी भी दशा में नहीं लगाया जाए
- बाहर निकलने के लिए कम से कम दो गेट हों जो किसी भी हाल में 5 मीटर से कम चौड़े नहीं हों
- निकास द्वार ऐसे बनाएं कि किसी भी दिशा से निकलने में 15 मीटर से अधिक दूरी तय नहीं करनी पड़े।
- इमरजेंसी लाइट की व्यवस्था होनी चाहिए, हैलोजन लाइट का प्रयोग पंडाल के अंदर नहीं किया जाना चाहिए।
- हवनकुंड पंडाल से 20 मीटर की दूरी पर हो, पंडाल में हो तो हवन के समय एक व्यक्ति इसकी लगातार निगरानी करे। हवन कुंड के पास हजार लीटर के चार ड्रम पानी व मग जरूर रखें।
- प्रसाद बनाने की रसोई 200 मीटर दूर होनी चाहिए।
- मौके पर तुरंत आग बुझाने वाले उपकरण, रेत, पानी आदि की व्यवस्था जरूरी

### अग्नि निरोधक घोल बनने हेतु सामग्री :

| | | |
|---|---|---|
| अमोनियम सल्फेट | : | चार भाग मात्रा से |
| अमोनियम कार्बोनेट | : | दो भाग मात्रा से |
| बोरैक्स | : | एक भाग मात्रा से |
| बोरिक एसिड | : | एक भाग मात्रा से |
| एलम | : | दो भाग मात्रा से |
| पानी | : | 35 भाग मात्रा से |

**क्या कहते हैं अधिकारी** :सभी पूजा पंडालों में अग्निशमन के पर्याप्त उपायों का होना अनिवार्य है। दुर्गापूजा के दौरान किसी प्रकार की घटना ना हो इसके लिए प्रशासन की ओर से भी तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

**अविनाश कुमार, जिला समादेष्टा सह जिला अग्निशमन पदाधिकारी सिवान**

## सीवान- अमृत भारत ट्रेन विषय पर प्रतियोगिता का आयोजन

**परवेज अख्तर/सीवान।** अमृत भारत ट्रेनों की लोकप्रियता को देखते हुए एवं इसकी विशेषताओं को जन-जन तक पहुंचाने के उदेश्य से बुधवार को सिवान जंक्शन रेलवे परिसर में स्थित राजकीय रेलवे स्कूल के कक्षा छह से आठ तक के बच्चों के बीच अमृत भारत ट्रेन विषय पर निबंध एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।वाराणसी मंडल के जनसम्पर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में राजकीय रेलवे स्कूल सिवान के कूल 45 बच्चों ने उत्साहपूर्वक एवं बढ़-चढ़कर प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में बच्चों ने न केवल सही उत्तर दिये बल्कि टीम भावना, तत्परता और ज्ञान की गहराई का भी परिचय दिया। यह आयोजन न केवल रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने हेतु था, बल्कि भारतीय रेल के भविष्य की दिशा में यात्रियों को सुविधाओं को विकास और पर्यावरणीय जागरुकता को जन जन तक पहुंचाने का एक शसक्त माध्यम भी है। इस प्रतियोगिता का आयोजन स्कूल की प्रभारी प्रधानाचार्य कालिंदी कुमारी एवं कर्मचारी कल्याण निरीक्षक अजीत कुमार की उपस्थिति में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

## ट्रेन से शराब बरामद

**सिवान।** आरपीएफ व जीआरपी की टीम ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर ट्रेन से भारी मात्रा में शराब को बरामद किया है। हालांकि शराब तस्कर की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। इस मामले में आरपीएफ इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या एक पर अपराधिक गतिविधि निगरानी के दौरान गाड़ी संख्या 14618 अमृतसर पूर्णिया कोर्ट जनसेवा एक्सप्रेस का आगमन हुआ। ट्रेन की जांच करने पर पीछे सामान्य कोच के शौचालय के पास एक बोरा छिपाकर रखा हुआ था। बोरा का जांच किया गया तो उसमें रखे 135 बोतल शराब बरामद हुआ। बरामद शराब की कीमत 16 हजार दो सौ रुपया है।

## दो दिनों में 79 शराबियों को गिरफ्तार

सिवान। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर उत्पाद विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। शराब तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। वहीं शराब भी बरामद की जा रही है। इस संबंध में उत्पाद अधीक्षक शशांक वर्मा ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए मद्यनिषेध व उत्पाद विभाग द्वारा बड़ी कार्रवाई की जा रही है। विगत दो दिनों में उत्पाद विभाग द्वारा 79 शराबियों व आठ शराब तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। वहीं विभिन्न जगहों पर छापेमारी कर 685.500 लीटर अवैध देसी शराब एवं 482.11 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई है।

## आर्थिक अपराध इकाई की टीम ने विद्युत अधीक्षण अभियंता के तीन ठिकानों पर की छापेमारी

**परवेज अख्तर/सीवान।** आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने बुधवार की सुबह समस्तीपुर में पदस्थापित विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता विवेकानंद के सिवान स्थित तीन ठिकानों क्रमश ~ उनके पैतृक आवास रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के ग्राम संठी, नगर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर आंदर ढाला स्थित कुंटी कुटीर अवस्थित निवास व हुसैनगंज थाना क्षेत्र के रसीदचक स्थित अवस्थित निवास पर छापेमारी की। रसीदचक में डीएसपी सुनील कुमार, लक्ष्मीपुर में डीएसपी विनोद कुमार सिंह व संठी में डीएसपी सुरेश कुमार के नेतृत्व में दस-दस की टीम जांच कर रही थी। विवेकानंद पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है, जिसकी कुल राशि दो करोड़ 74 लाख रुपये बताई जा रही है। यह राशि उनकी वैध आय से करीब 78 प्रतिशत अधिक है। सिवान पहुंची टीम को ताला खुलने का इंतजार करना पड़ा। छापेमारी के दौरान घर के आगे पुलिस बल की तैनाती की गई थी। छापेमारी के दौरान किसी को अंदर नहीं जाने दिया जा रहा था।

## पैसेंजर ट्रेन में दो यात्री से लूट मामले में एक गिरफ्तार

**सिवान।** सिवान-जीरादेई के मध्य गाड़ी संख्या 55055 छपरा-गोरखपुर पैसेंजर ट्रेन में 19 सितंबर को दो यात्रियों को कट्टा दिखाकर उनके साथ मारपीट कर मोबाइल, पावर बैंक व पैसा लूट लिया गया था। इस मामले में आरपीएफ, जीआरपी व छपरा टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। जबकि एक बदमाश को धनौती थाना ने गिरफ्तार किया है। वहीं अभी बदमाश फरार है। जिनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही है। गिरफ्तार धनौती थाना क्षेत्र के चंचौर वार्ड संख्या पांच निवासी राजवीर सिंह है। मामले में आरपीएफ इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि 19 सितंबर को गाड़ी संख्या 55055 छपरा-गोरखपुर पैसेंजर ट्रेन में दो यात्रियों से मोबाइल, एक पावर बैंक एवं नकद पंद्रह सौ रुपया कट्टा दिखाकर मारपीट के बाद लूट ली थी। इसके बाद जीरादेई स्टेशन पर उतर कर फरार हो गए। 20 सितंबर को उक्त पीड़ित व्यक्ति द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर जीआरपी में प्राथमिकी हुई। टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर एक बदमाश को गिरफ्तार किया गया।

## शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**सिवान।** उत्पाद विभाग की टीम ने 22 सितंबर की दोपहर गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर मैरवा थाना क्षेत्र के विजयीपुर मोड़ के समीप शराब के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। मामले में उत्पाद अधीक्षक शशांक वर्मा ने बताया कि टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के विजयीपुर मोड़ होते हुए एक कार शराब की खेप लेकर आ रहा है। सूचना पर उत्पाद थाना के सअनि सत्येंद्र कुमार राय ने जांच शुरू की। जिसे पुलिस बल की मदद से पकड़ लिया गया। जांच के दौरान कार के अंदर से 233.280 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। वहीं दो तस्कर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार तस्कर सह चालक नार्थ वेस्ट दिल्ली जिला के आदर्श नगर थाना क्षेत्र के 512 नानी वाला बाग निवासी अनिल कुमार व दरभंगा जिला के बहेरा थाना क्षेत्र के शिवराम निवासी गोविंद राय है। कार को जब्त कर लिया गया।

## शहर के सब्जी मंडी में आज तीन घंटे बंद रहेगी बिजली

सिवान। शहर के सब्जी मंडी में गुरुवार को तीन घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। शहरी सेक्शन-टू के जेई गौतम कुमार ने बताया कि दुर्गा पूजा को लेकर एलटी तार मेंटनेंस कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सुबह छह बजे से नौ बजे तक श्रद्धानंद बाजार के दो ट्रांसफार्मर को बंद रखा जाएगा। उन्होंने बिजली कटौती से पूर्व बिजली संबंधी कार्यों को पूरा कर लेने की अपील की है। बताया कि दुर्गा पूजा में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए यह मेंटेनेंस कार्य काफी महत्वपूर्ण है।

## एक अक्टूबर तक लगेगा उपभोक्ता शिकायत निवारण कैंप

**सिवान।** आम जनता को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने और उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित निपटारा करने के उद्देश्य से बिजली कंपनी गुरुवार से एक अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाएगी। 26 से 28 सितंबर को गांव, टोला व मोहल्लों में चलंत वाहन व माइकिंग के जरिए मुफ्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री कुसुम योजना व ऊर्जा बचत की जानकारी दी जाएगी। वहीं साइबर ठगी से बचाव संबंधी संदेश भी दिए जाएंगे। 26 सितंबर को सभी सब डिविजन कार्यालयों पर शून्य बकाएदार उपभोक्ताओं को मुख्यमंत्री का संदेश व जागरुकता पंपलेट दिए जाएंगे। 27 सितंबर को जिला मुख्यालय व विद्युत आपूर्ति प्रमंडल कार्यालयों में इसी अभियान के तहत उपभोक्ताओं को जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। कहा कि 125 यूनिट निःशुल्क बिजली वाले लगभग 50 से सौ उपभोक्ताओं को बिल वितरण किया जाएगा। इसके अलावा पीएम सूर्यघर मुक्त बिजली योजना के विषय में भी लोगों को जागरूक किया जाएगा। बताया कि 29 सितंबर से एक अक्टूबर को दुर्गा पूजा पंडालों व मेलों में विशेष अभियान चलेगा। कैनोपी, सेल्फी प्वाइंट व फ्लेक्स पोस्टर लगाए जाएंगे।

## जीविका दीदियों ने मतदाता जागरुकता अभियान चलाया

**दारौंदा (सिवान)।** प्रखंड के हड़सर पश्चिमी धनौती हड़सर पश्चिमी धनौती गांव मतदाता जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का नेतृत्व बीपीएम अमित प्रीतम ने किया। जीविका टीम की सक्रिय भागीदारी रही। रैली में सैकड़ों की संख्या में जीविका दीदियों ने हिस्सा लिया और आगामी विधानसभा चुनाव में मतदान के प्रति जागरुकता फैलाने का संकल्प लिया। रैली में विशेष रूप से वार्ड नंबर दो और तीन की सभी महिला मतदाताओं ने मतदान हेतु शपथ ली। जीविका दीदियों ने जनता को संदेश दिया कि वे न केवल स्वयं मतदान करेंगी, बल्कि अपने आसपास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करेंगी।

रैली के दौरान घर-घर दस्तक देकर लोगों को मतदान के महत्व और जिम्मेदारी के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर जीविका के पवन कुमार, राकेश तिवारी, अमरजीत कुमार, श्वेता सिंह, लक्ष्मीना देवी, सुनीता देवी आदि उपस्थित थे।

## संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की मौत, सास व ननद हिरासत में

**परवेज अख्तर/सीवान।** आंदर प्रखंड के अर्कपुर में मंगलवार की रात संदिग्ध परिस्थिति में एक विवाहिता की मौत हो गई है। मृतका की पहचान अर्कपुर निवासी चंदन सिंह की 22 वर्षीय पत्नी ऐश्वर्या देवी के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही असांव थानाध्यक्ष रंजीत कुमार साह ने मृतका के घर पहुंच घटना की जानकारी ली तथा शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद बुधवार को स्वजनों को सौंप दिया। इस दौरान पुलिस ने मृतका के सास-ननद को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है जबकि ससुराल के अन्य सदस्य फरार बताए जाते हैं।

मृतका के पिता भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के कौड़िया निवासी मनोज कुमार सिंह ने अपनी बेटी की मौत के पीछे दहेज की मांग को जिम्मेदार ठहराया है। उसने आरोप लगाया है कि ऐश्वर्या की हत्या उसकी सास व ननद ने गला दबाकर की है। उसने बताया कि चार दिसबंर 2024 को पुत्री की शादी चंदन कुमार सिंह से कोलकाता में हुई थी, क्योंकि चंदन कोलकाता में नौकरी करता है। शादी के समय ससुराल पक्ष के मांग के अनुसार दहेज दिया गया था। समाचार प्रेषण तक पीड़ित परिवार द्वारा थाना में आवेदन नहीं दिया गया था।

मृतका के पिता ने पुत्री के ससुराल के सदस्यों पर दहेज के लिए हत्या का आरोप लगा रहे थे तथा शव उसके घर के आगे ही दाह संस्कार करने की तैयारी करने लगे। इसकी सूचना मिलते ही मैरवा एसडीपीओ गौरी कुमारी, इंस्पेक्टर राजेश कुमार पहुंचकर मृतका के मायके के स्वजनों को समझाने-बुझाने में जुट गए। प्रशासन द्वारा काफी समझाने के बाद स्वजन शव का दाह संस्कार अर्कपुर में झरही नदी किनारे किए। दाह संस्कार एसडीपीओ, इंस्पेक्टर, थानाध्यक्ष, आंदर व दरौली थाने की पुलिस की देखरेख में किया गया।

### फरार हत्यारोपित का हथियार लहराते वीडियो प्रसारित

**परवेज अख्तर/सीवान।** भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के महम्मदा टोला बीते दिनों एक फरार हत्यारोपित युवक का हथियार लहराते वीडियो प्रसारित हुआ है। यह प्रसारित वीडियो हत्या मामले के एक आरोपित युवक विश्वजीत सिंह की बताई जा रही है। इस मामले में एएसआइ चंद्रशेखर पाल के बयान पर मंगलवार को थाने में प्राथमिकी की गई है। पुलिस के अनुसार ग्रामीणों ने आरोप लगाया था कि वह लोगों में दहशत फैलाने के लिए हथियार लेकर घूमता है तथा हथियार का प्रदर्शन कर लोगों में भय कायम करने का काम करता है। इस मामले में पुलिस ने संज्ञान लेते हुए उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। ज्ञात हो कि महम्मदा टोला में पिछले दिनों हुई जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट में गोली चलने से वीरेंद्र सिंह एवं उसके पुत्र विवेक कुमार सिंह घायल हो गए थे। इसमें इलाज के दौरान आठवें दिन पुत्र विवेक कुमार सिंह की मौत हो गई थी। इस मामले में घायल वीरेंद्र सिंह की पुत्रवधू ज्योति कुमारी के फर्द बयान पर घटना के दिन हीं नौ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी कराई गई थी। इसमें उसने गांव के ही अमरजीत सिंह, विश्वजीत सिंह, शिव कुमारी देवी, कृति कुमारी, बबली कुमारी, जयप्रकाश सिंह, अनुराग सिंह सहित नौ लोगों को आरोपित किया गया है। घटना के दिन हीं थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह ने इस मामले की आरोपित शिव कुमारी देवी व उसकी पुत्री कृति कुमारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दी है। अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस संभावित ठिकानों पर छापेमारी

## बड़हरियाः मुखिया पति की हत्या के विरोध में सड़क जाम

**परवेज अख्तर/सीवान।** बड़हरिया थाना क्षेत्र के शेखपुरा में मंगलवार की देर शाम महावीरी जुलूस के दौरान रसूलपुर पंचायत की मुखिया बेबी देवी के पति संजय मांझी की लकड़ी के गदा से प्रहार कर हत्या कर दी गई थी। पोस्टमार्टम के बाद शव आते ही माहौल गमगीन हो गया। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने बुधवार की सुबह शेखपुरा मोड़ पर शव रख बड़हरिया- गोपालगंज मुख्य पथ को जाम कर दिया। ग्रामीण इस घटना में संलिप्त बदमाशों की गिरफ्तारी तथा जिला से वरीय पदाधिकारी को बुलाने की मांग कर रहे थे। वहीं सड़क जाम की सूचना मिलते ही एसडीपीओ अजय कुमार सिंह व थानाध्यक्ष रूपेश कुमार वर्मा पुलिस बल के साथ पहुंच समझाने का प्रयास करने लगे, लेकिन ग्रामीण कुछ मानने को तैयार नहीं थे। पुलिस पदाधिकारियों ने इस घटना में संलिप्त बदमाशों की शीघ्र गिरफ्तारी का आश्वासन देकर जाम हटाया। सड़क जाम सुबह आठ बजे से साढ़े नौ बजे तक रहा। इस कारण लोगों को परेशानी का सामना करना। मुखिया बेबी देवी ने कहा कि मेरे पति की हत्या एक राजनीतिक साजिश के तहत हुई है। इसमें नरहरपुर के वीरेश सिंह ने मेरे पति की हत्या के लिए 12 लाख रुपये की सुपारी दी थी। अनहोनी की आशंका को ले एक सप्ताह पूर्व पुलिस को मौखिक सूचना दी थी, लेकिन पुलिस सक्रिय नहीं हुई है। यदि पुलिस सक्रिय हुई होती तो मेरे पति की हत्या नहीं होती। उन्होंने बताया कि छह माह पूर्व बड़हरिया- सिवान मुख्य मार्ग पर मेरे भाई परशुराम मांझी की हत्या कर दी गई थी। तब से मेरे पति की हत्या की साजिश रची जा रही थी। बेबी देवी ने कहा कि मुझे इंसाफ मिलना चाहिए। इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। सभी बदमाश फरार हैं।

## रंग जीवन के उत्सव है, दलों की पहचान नहीं !

**नीरज कुमार।**



दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)। हर रंग का अपना महत्व और अपनी पहचान होती है। रंग केवल परिधान, संस्कृति और परंपरा का प्रतीक नहीं होते, बल्कि वे हमारी भावनाओं और जीवन दर्शन को भी अभिव्यक्त करते हैं। लाल रंग साहस, त्याग और क्रांति का प्रतीक है, हरा रंग उम्मीद, शांति और प्रकृति से जुड़ाव का संदेश देता है, भगवा रंग त्याग, तपस्या और आध्यात्मिकता का द्योतक है, वहीं नीला रंग गहराई, विश्वास और संघर्षशीलता को दर्शाता है। लेकिन अफसोस, जैसे ही चुनाव नजदीक आते हैं, रंगों का असली महत्व खो जाता है और उन पर राजनीति हावी हो जाती है। लाल को किसी विचारधारा का, हरे को किसी जाति या दल का, भगवे को किसी समुदाय का, और नीले को किसी खास वर्ग का प्रतीक मानकर राजनीति की जाती है। यहां तक कि लोग एक-दूसरे को कपड़ों के रंग से पहचानने लगते हैं–÷फलां हरा पहन लिया, तो वह फलां दल का है।÷ वास्तविकता यह है कि रंगों का किसी राजनीतिक दल से कोई स्थायी रिश्ता नहीं होता। राजनीतिक पार्टियों के अपने-अपने झंडे और उनके रंग हो सकते हैं, लेकिन उस आधार पर किसी व्यक्ति या समाज को बांटना सही नहीं। रंग तो जीवन के उत्सव हैं, विविधता का सम्मान हैं और समाज की सुंदरता हैं। राजनीति को चाहिए कि वह रंगों की इस सुंदरता को बांटने के बजाय, जोड़ने का काम करे। क्योंकि जब रंगों को राजनीति से मुक्त रखा जाएगा, तभी उनका असली अर्थ और महत्व समाज में जीवित रहेगा।

## घर का ताला तोड़ एक एक लाख की संपत्ति की चोरी

**गुठनी (सिवान)।** थाना क्षेत्र के मैरीटार में 22 सितंबर की रात चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की संपत्ति की चोरी कर ली। घटना की जानकारी मंगलवार की सुबह पड़ोसियों को हुई। घटना की जानकारी होते ही काफी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए। ग्रामीणों ने घटना की सूचना गृहस्वामी एवं थाना को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच घटना की जानकारी ली। बताते हैं कि गृह मालिक कौशल किशोर शुक्ल गोरखपुर में नौकरी करते हैं। उनका पूरा परिवार गोरखपुर में रहता है। घटना की सूचना पर बुधवार को वे घर पहुंचे तो देखा कि पीछे का ताला टूटा हुआ था और घर का सामान बिखरा पड़ा था। उनका कहना था कि चोरी के दौरान उनके घर से 15 हजार रुपये, आभूषण, कीमती कपड़े, जरूरी कागजात, बर्तन समेत अन्य सामान की चोरी हुई है। उन्होंने बताया कि उनके घर से करीब एक लाख से अधिक की संपत्ति चोरी गई है। ग्रामीणों ने बताया कि घटना देर रात की है, इस कारण किसी ग्रामीण को इसकी भनक तक नहीं लग सकी। ग्रामीणों की सूचना मिलने के बाद थानाध्यक्ष मनीष कुमार, एएसआइ पंकज कुमार, एएसआइ छोटेलाल ने घटनास्थल पर पहुंच मामले की जांच की।

## सर्पदंश से वृद्ध की मौत, स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल

**दारौंदा (सिवान)।** थाना क्षेत्र के उस्ती गांव में मंगलवार की रात सर्पदंश से एक वृद्ध की मौत हो गई। इस घटना के बाद स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। मृतका की पहचान जनकदेव राम (65) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि जनकदेव राम मक्के की फसल की रखवाली करने खेत की ओर गए थे। इस दौरान रात्रि करीब आठ बजे एक सर्प ने उन्हें दंश लिया। स्वजन उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां से चिकित्सक द्वारा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। उनकी मौत की सूचना मिलते ही स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। पत्नी पत्नी चंद्रावती देवी, पुत्र मुकेश कुमार राम, रंजीत कुमार राम और पुत्री शिल्पा कुमारी समेत अन्य स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। ग्रामीणों ने बताया कि जनकदेव राम कुशल व्यवहार व मिलनसार थे। वे सभी के दुख-सुख में खड़े रहते थे।

## बाइक सवार बदमाशों ने युवक को मारी गोली, घायल

**परवेज अख्तर/सीवान।** महादेवा थाना क्षेत्र के दरोगा हाता गांव के समीप हाइवे पर बुधवार की देर शाम बाइक सवार दो बदमाशों ने एक युवक को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल युवक को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां उसका इलाज कर स्थिति गंभीर को देखकर डाक्टर ने पटना रेफर कर दिया। युवक को सिने में एक गोली लगी थी। घायल की पहचान महादेवा थाना क्षेत्र के झुनापुर निवासी श्रीराम सिंह के पुत्र रंजन सिंह के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही सदर अस्पताल नगर थाना इंस्पेक्टर राजू कुमार व महादेवा थानाध्यक्ष विनीत विनायक दल बल के साथ पहुंचकर मामले की जांच की। घटना के संबंध में स्वजनों ने बताया कि मेरा पुत्र घर पर ही था। शाम में घर से बाहर टहलने के लिए निकला तभी बाइक सवार दो बदमाशों ने गोली मार दी। स्वजनों ने आनन- फानन में उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

## बिहार कला पुरस्कार-2025 से सम्मानित हुए 52 कलाकार

### हर वर्ष बिहारी कलाकारों को मिलेगा सम्मान- विजय सिन्हा

**पटना।** बिहार की सांस्कृतिक विरासत को संजोने और कलाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए बुधवार को पटना के होटल मौर्या में बिहार कला पुरस्कार-2025 का भव्य आयोजन किया गया। कला, संस्कृति एवं युवा विभाग की ओर से आयोजित समारोह में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और विभागीय मंत्री मोतीलाल प्रसाद ने वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 के लिए चयनित 52 उत्कृष्ट कलाकारों को सम्मानित किया। समारोह में 18 नवोदित कलाकारों को 25,000 रुपये, 22 स्थापित कलाकारों को 50,000 रुपये, 6 कलाकारों को राष्ट्रीय पुरस्कार और 6 कलाकारों को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार के तहत 1 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। सभी सम्मानित कलाकारों को अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। कार्यक्रम में मशहूर लोकगायिका कल्पना पटवारी ने भिखारी ठाकुर का %बेटी बेचवा गीत प्रस्तुत कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

मौके पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने घोषणा की कि अब प्रत्येक वर्ष बिहार के कलाकारों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कलाकार समाज की सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखते हैं और अपनी कला के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करते हैं। विरासत और विकास को साथ लेकर चलना हमारा लक्ष्य है।

## सवारी भरी आटो में कार ने मारी टक्कर, आधा दर्जन लोग घायल

हसनपुरा(सिवान)। एमएच नगर थाना के हसनपुरा पेट्रोल पंप समीप आटो और कार की टक्कर में आटो में सवार आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों में उसरी खुर्द निवासी नाजिया खातून, फैयाज अहमद, राजा राम, शहनाज परवीन, लाइबा आलम शामिल हैं। सभी घायलों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। बताते हैं कि उसरी खुर्द निवासी उसरी खुर्द निवासी नाजिया खातून, फैयाज अहमद, राजा राम, शहनाज परवीन, लाइबा आलम मंगलवार की रात पटना से इलाज करा कर देर रात सिवान से आटो में सवार होकर घर लौट रहे थे। तभी पेट्रोल पंप समीप एक नीलगाय अचानक आ गई, इस दौरान आटो चालक ने ब्रेक लगाया, तभी पीछे से आ रही कार ने आटो में टक्कर मार दी। जिससे आटो चालक समेत सभी सवार घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से भी घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया।

## भाजपा नेता की मौत से शोक

दारौंदा (सिवान)। प्रखंड के नवलपुर निवासी भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष वशिष्ठ नारायण सिंह का निधन पर बुधवार को ब्रेन हेमरेज के कारण हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और लोगों ने उनके दरवाजे पर पहुंच शोक संतप्त परिवार को ढाढ़स बंधाया। बताते हैं कि गंडक विभाग में नौकरी करते थे। सेवानिवृत्त के बाद वे समाजसेवा का रास्ता चुना और राजनीति में सक्रिय रहते हुए भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष बने। आरएसएस से शुरुआती दिनों से ही जुड़े रहने वाले वशिष्ठ नारायण सिंह ने संगठन को मजबूत करने में अपनी पूरी जिंदगी सौंप दी। उनके निधन पर लोगों ने दो मिनट रहकर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उनके निधन पर विधायक कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह ने कहा कि वशिष्ठ बाबू का जाना हमारे लिए अपूरणीय क्षति है।

